प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

मानयीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड करेंगे 116वें अखिल भारतीय किसान मेले का उद्घाटन

पंतनगर। 3 अक्टूबर 2024। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में 116वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के आयोजन की तैयारियों के संबंध में एक प्रेस कांफ्रेंस आज कुलपति सभागार में आयोजित की गयी। प्रेस कांफ्रेस का आयोजन निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के प्रारम्भ में कुलपति एवं सभागार उपस्थित सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने चार–दिवसीय 116वें अखिल भारतीय किसान मेले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा उन्होंने बताया कि इस मेले में लगभग 210 बड़े एवं 190 छोटे स्टाल विभिन्न फर्मों द्वारा लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 116वें अखिल भारतीय किसान मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड श्री पुष्कर सिंह धामी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा गांधी मैदान में दिनांक 4 अक्टूबर 2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे किया जायेगा तत्पश्चात मेले में लगी उद्यान प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। इसके बाद कुलपति एवं निदेशक प्रसार शिक्षा मेले में लगाये गये विभिन्न महाविद्यालयों एवं अन्य संस्थाओं के स्टालों का अतिथियों को भ्रमण करायेंगे। मेले का उद्घाटन समारोह गांधी हाल में आयोजित होगा जिसमें मेला प्रांगण का भ्रमण करने के बाद मुख्य अतिथि द्वारा किसानों एवं उपस्थितजनों को सम्बोधित किया जायेगा।

इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने 116वें किसान मेले की तैयारियों के बारे में बताते हुए कहा कि इस मेले में 400 से अधिक स्टाल धारकों ने अपना पंजीकरण कराया है। इस मेले के माध्यम से किसानों को विश्वविद्यालय की नवीन प्रजातियां एवं नवीन तकनीकों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे किसान समृद्धशाली बनेगा। इस मेले में जैविक खेती का विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा जिसमें किसानों को जैविक खेती के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी और इस खेती को अपनाकर किसान निरोगी काया के साथ सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष विश्वविद्यालय में गेहूँ के उत्पादन में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने विश्वविद्यालय को ग्लोबल स्तर पर ले जाने के लिए कई पहलुओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय से 55 हजार विद्यार्थी उपाधि प्राप्त कर देश ही नहीं वरन विदेशों में भी विश्वविद्यालय की ख्याति बढ़ा रहें है। उन्होंने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कर उनको समृद्ध बनाने में प्रयास किया जायेगा। कुलपति ने बताया कि हमारा लक्ष्य किसानों को नवीन प्रजातियों के अच्छे बीज उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि पन्तनगर विश्वविद्यालय, सेंट पीटर्सबर्ग विश्वविद्यालय के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया जा चुका है तथा रूस के तीन विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू पर सहमति बनी है जिससे दोनों विश्वविद्यालयों से विद्यार्थी एवं वैज्ञानिक शिक्षण एवं शोध के आदान–प्रदान कर सकेंगे। इस अवसर पर कुलपति के साथ अंतर्राष्ट्रीय मामलो के निदेशक डा. शिवा प्रसाद, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डा. के.पी. रावेरकर, विभागाध्यक्ष पशु प्रसार डा. एस.सी. त्रिपाठी ने भी अनुभवों को सभी के साथ साक्षा किया।

1. कार्यक्रम में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार